RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्षः 1 | अंक 282 | नागौर, 19 सितम्बर, 2022 (सोमवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## आप विधायक अमानतुल्लाह खान गिरफ्तार

### अदालत ने भेजा था चार दिनों की न्यायिक हिरासत में

नयी दिल्ली।

आप विधायक अमानतुल्लाह खान को गिरफ्तार कर लिया गया है।राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने दिल्ली वक्फ बोर्ड भर्ती में कथित अनियमितता से जुड़े एक मामले में शनिवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान को भ्रष्टाचार रोधी शाखा (एसीबी) की चार दिनों की हिरासत में भेज दिया लेकिन जांच में सहयोग न करने के बाद विधायक को गिरफ्तार कर लिया है। विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने एसीबी की एक अर्जी पर यह आदेश जारी किया था। एसीबी ने अदालत से अनुरोध किया कि एक गहन जांच के लिए उसे खान से पूछताछ करने जरूरत है।

खान की 14 दिनों की हिरासत का अनुरोध करते हुए एसीबी ने दावा किया कि खान के पांच रिश्तेदारों को बोर्ड में नियुक्त किया गया था, जबकि 22 लोग ओखला से थे। उल्लेखनीय है कि खान ओखला से विधायक हैं।

अभियोजन ने अदालत से कहा, जिस व्यक्ति की आय 4.32 लाख रुपये है, वह चार करोड़ रुपये नकद प्राप्त कर रहा है। इसने यह भी कहा कि शुक्रवार को ली गई तलाशी के दौरान एसीबी के अधिकारियों से मारपीट की गई और उन्हें थप्पड़ मारा गया। अभियोजन ने कहा, पूरी टीम के साथ मारपीट की गई और हथियार बरामद किये गये। एसीबी ने शुक्रवार को खान के परिसरों में छापे मारने के बाद उन्हें गिरफ्तार किया था। भर्ती में कथित




अनियमितता को लेकर एक प्राथमिकी पहले ही दर्ज की जा चुकी है। प्राथमिकी के मुताबिक, खान ने बोर्ड के अध्यक्ष पद पर रहने के दौरान नियमों और सरकारी दिशानिर्देशों का उल्लंघन करते हुए 32 व्यक्तियों की अवैध भर्ती की।

## अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे कंप्यूटर अनुदेशक अभ्यर्थी

### बोले- 40% से कम की जाए कटऑफ, नहीं तो 2 अक्टूबर से गुजरात में निकालेंगे दांडी मार्च



जयपुर।

कंप्यूटर अनुदेशक भर्ती परीक्षा को लेकर अभ्यर्थियों का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। रविवार को प्रदेशभर से जयपुर पहुंचे युवाओं ने गांधी नगर स्थित विधायक आवास के बाहर धरना शुरू कर दिया।

भर्ती परीक्षा में अभ्यर्थियोंने बताया कि कंप्यूटर अनुदेशक परीक्षा का पेपर काफी कठिन स्तर का था। ऐसे में न्यूनतम अंकों को 40% से कम किया जाना चाहिए। ताकि 100% सीटों पर अभ्यर्थियों का सिलेक्शन हो सके। लेकिन अगर सरकार ने ऐसा नहीं किया। तो हम सब 2 अक्टूबर को हो कांग्रेस सरकार के खिलाफ गुजरात में पैदल मार्च निकालेंगे।

भर्ती परीक्षा देने वाले आशीष शर्मा ने बताया कि मंत्री रमेश मीणा, शकुंतला रावत, विधायक इंदिरा मीणा और वेद प्रकाश सोलंकी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा है। जिसपर सभी ने हमारी बात आगे तक पहुंचाने की का वादा किया है। लेकिन अगर जल्द से जल्द हमारी मांगों पर सुनवाई नहीं हुई। तो हम सरकार के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करेंगे।

## Chandigarh University MMS

### आरोपित छात्रा का ब्वाय फ्रेंड भी शिमला से गिरफ्तार, कई खुलासे

चंडीगढ़।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी के गर्ल्स हास्टल में छात्राओं के आपत्तिजनक वीडियो बनाए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपित छात्रा को हिमाचल प्रदेश के शिमला से गिरफ्तार कर लिया है। दूसरी ओर इस मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। हास्टल की कुछ छात्राओं ने नाम न बताने की शर्त पर कहा कि मामले के खुलासे के बाद आरोपित छात्रा के फोन से वार्डन ने बनाए गए सभी एमएमएस डिलीट करवा दिए थे।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में नहाती हुई छात्राओं के वीडियो बनाकर लीक करने के मामले में आरोपित युवती के ब्वायफ्रेंड को शिमला से गिरफ्तार कर लिया गया। बताया जाता है कि पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है। उसके माध्यम से कई खुलासे होने की बात कही जा रही है। इस मामले में आरोपित छात्रा के बाद यह दूसरी गिरफ्तारी है। फिलहाल शिमला पुलिस ने इस मामले में कुछ भी कहने से इंतजार कर रही है। सूत्रों के अनुसार आरोपित युवक ढल्ली क्षेत्र का रहने वाला बताया जा रहा है।

बता दें कि पहले यह बात सामने आई थी कि हास्टल की करीब 60 छात्राओं के आपत्तिजनक वीडियो बनाए गए। बाद में यूनिवर्सिटी और पुलिस ने कहा कि आरोपित छात्रा के मोबाइल से किसी अन्य लड़की का वीडियो नहीं मिला है। एक ही वीडियो मिला है जो आरोपित लड़की ने खुद का बनाया था और उसने अपने ब्वाय फ्रेंड को भेजा था।

एमएमएस घटनाक्रम के बाद उसी हास्टल में रहने वाली छात्रा ने बताया कि छात्राओं को शनिवार देर शाम से ही शक था। इसके बाद एमएमएस बनाने वाली लड़की को बाथरूम के बाहर से दूसरी छात्राओं ने शूट करते हुए पकड़ा गया था और छात्राओं ने इसकी शिकायत वार्डन को दी। छात्रा ने बताया कि इसके बाद वार्डन ने लड़की को डांटा था और सभी एमएमएस डिलीट करवाए थे। छात्रा के अनुसार छात्राएं शानिवार रात आठ बजे से धरना दे रही थीं। धरने के बाद कुछ छात्राओं की हालत बिगड़ी थी जिन्हें कैंपस में बने स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया था। छात्रा ने बताया कि धरना रात आठ बजे शुरू हुआ था। इसके बाद पहले वार्डन और उसके बाद पुलिस मौके पर आई थी। पुलिस ने छात्राओं से एमएमएस मांगे थे जिसके बाद शिकायत दर्ज करने के लिए बोल रहे है।

### केजरीवाल ने दिलाया विश्वास

### जिन लोगों ने छात्राओं की आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किया, उन्हें सख्त सजा मिलेगी



चंडीगढ़ विश्वविद्यालय विवाद मामले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह उन लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेंगे, जिन्होंने सोशल मीडिया पर महिलाओं के आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट किए। पुलिस ने कहा कि पंजाब के मोहाली में एक निजी विश्वविद्यालय के छात्रों ने कई छात्राओं के वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किए जाने के बाद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। ऑनलाइन वीडियो शेयर करने में शामिल एक छात्रा को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि उसने कुछ छात्राओं का वीडियो बनाया था और शिमला के एक युवक को भेजा था, जिन्होंने कथित तौर पर उन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया था। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मामले में संलिप्त लोगों को सख्त सजा मिलेगी। केजरीवाल ने ट्वीट किया, '' चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में एक लड़की ने कई छात्राओं के आपत्तिजनक वीडियो बनाकर उसे वायरल कर दिया। यह बेहद संगीन और शर्मनाक है।

## नेता प्रतिपक्ष कटारिया बोले 20 को विधानसभा घेरेगी बीजेपी

### देवनानी ने कहा-गहलोत सरकार लंपी को प्रदेश में आपदा घोषित करे, सीएम दें इस्तीफा



जयपुर।

19 सितम्बर से राजस्थान विधानसभा का शुरू होने वाला सत्र हंगामेदार रहेगा। 20 सितम्बर को बीजेपी राजस्थान विधानसभा का घेराव करेगी। रविवार को जयपुर में प्रदेश बीजेपी मुख्यालय पर हुई विधायक दल की बैठक में इसकी रणनीति तैयार की गई। बैठक के फौरन बाद नेता प्रतिपक्ष गुलाबचन्द कटारिया ने मीडिया से रूबरू होकर कहा- 20 सितम्बर को लंपी के मुद्दे पर बीजेपी का विधानसभा घेराव का कार्यक्रम है। जिसमें जयपुर और आसपास के जिलों से बीजेपी कार्यकर्ता आएंगे। वो विधानसभा के बाहर घेराव करेंगे और हम विधानसभा सदन के अंदर विरोध जताएंगे।बीजेपी विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा प्रदेश की गहलोत सरकार ने पिछले 6 महीने में राजस्थान का बुरा हाल कर दिया है। सेस के नाम पर टैक्स वसूल कर सरकार कमाई कर रही है, लेकिन गौसेवा के नाम पर धेला भी खर्च नहीं कर रही है। सरकार पूरी तरह नाकाम है। गायों के लिए वैक्सीन ईजाद हो चुकी है। लेकिन राज्य सरकार ने केंद्र से मांग तक नहीं की है कि टीका उपलब्ध कराओ।

## 5 साल के बेटे को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ाः बोला-पुलिस ने हिरासत में लिया तो 10 बकरियां खो गईं



दौसा।

दौसा के बहरावण्डा गांव में एक व्यक्ति सुबह 9.45 बजे अपने 5 साल के बेटे को लेकर मोबाइल टावर पर चढ़ गया। युवक के परिजनों का कहना है कि सिकन्दरा थाना पुलिस ने उसे तब गिरफ्तार कर लिया था जब वह बकरी चराकर आ रहा था। उसे थाने ले जाकर टॉर्चर किया। अब टावर पर चढ़ा युवक छुट्टन लाल सिकंदरा थाना प्रभारी कमलेश मीणा पर कार्रवाई की मांग को लेकर अड़ा हुआ है। सिकंदरा थाना इंचार्ज ने आरोपों को बेबुनियाद बताया है। फिलहाल पुलिस उसे नीचे उतारने का प्रयास कर रही है। पीड़ित के भाई व बहरावण्डा उपसरपंच पायलट सैनी ने बताया कि जमीन विवाद में दूसरे पक्ष ने कोर्ट स्टे ले रखा है। कोर्ट स्टे के बाद किसी प्रकार का कोई निर्माण हमने नहीं किया जबकि दूसरे पक्ष ने पुलिस से सांठ-गांठ कर ली। ऐसे में पुलिस उन्हें बेवजह परेशान कर रही है। पायलट सैनी ने बताया कि छुट्टन लाल बकरी चरा रहा था, जिसे रास्ते से ही सिकन्दरा थाना पुलिस पकड़कर ले गई। बकरियां जंगल में ही छूट गई। जिसके बाद 10 बकरियां गायब हो गई। एक बकरी की मौत हो गई।

### पुलिस पर पैसे लेने व प्रताड़ित करने का आरोप

छुट्टन के परिजनों का आरोप है कि सिकन्दरा थाना पुलिस की ओर से युवक को गिरफ्तार किया गया है। थाना ले जाकर प्रताड़ित करते हुए डराया धमकाया। साथ ही परिवार के अन्य लोगों को भी बंद करने की धमकी दी। आरोप है कि थाना इंचार्ज ने 20 हजार रुपए लेने के बाद युवक को एसडीएम के सामने पेश किया।

### पुलिस-प्रशासन में मचा हड़कंप

टावर पर छोटे बच्चे के साथ युवक के चढ़ने की सूचना जैसे ही प्रशासन को लगी तो हड़कम्प मच गया। मौके पर मानपुर सीओ संतराम मीना, नायब तहसीलदार राकेश शर्मा तथा सिकन्दरा पुलिस सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच कर युवक से नीचे उतरने की गुहार लगाते रहे। लेकिन युवक ने पुलिस से रिश्वत में लिए गए 20 हजार रुपए वापस मांगे और गुम हुई 10 बकरियों के पैसे भी मांगे। साथ ही सिकंदरा थाना इंचार्ज के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## नीतीश-अखिलेश का गठजोड़ भाजपा को उप्र में पराजित कर सकता हैः जदयू

नई दिल्ली

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव का गठजोड़ पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश में ताकतवर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को मात दे सकता है। जनता दल-यूनाइटेड (जदयू) ने शनिवार को यह बात कही। जदयू अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन ने यहां यह दावा करते हुए कहा कि उप्र में पार्टी के कार्यकर्ता चाहते हैं कि वास्तविक नेता नीतीश कुमार अगला लोकसभा चुनाव पड़ोसी राज्य में लड़ें।

जदयू प्रमुख ने कहा, ''लोकसभा चुनाव उम्मीदवार के रूप में हमारे मुख्यमंत्री के लिए सबसे उत्साही मांग फूलपुर से आई है। इसी तरह की मांग अंबेडकर नगर और मिर्जापुर के कार्यकर्ताओं द्वारा की गई है। चुनाव एक साल से अधिक दूर हैं, इसलिए हम ऐसी मांगों को स्वीकार या अस्वीकार करने के संदर्भ में अभी नहीं सोच रहे हैं।'' हालांकि, उन्होंने पर्याप्त संकेत दिए कि उनकी पार्टी मुलायम सिंह यादव द्वारा स्थापित सपा के साथ गठजोड़ करना चाहेगी, जिनसे कुमार अपनी हालिया दिल्ली यात्रा के दौरान मिले थे। जदयू अध्यक्ष ने कहा, ''विपक्षी एकता के लिए हमारे नेता के अभियान की लहर चल रही है। हालांकि, वह बिहार की सभी 40 लोकसभा सीट में से किसी से भी चुनाव लड़ने का फैसला कर सकते हैं, लेकिन उप्र से उठ रही मांगें उनकी राष्ट्रीय पहल के बारे में चर्चा का संकेत हैं।'' ललन ने कहा कि अगर नीतीश और अखिलेश (पूर्व मुख्यमंत्री और मुलायम सिंह यादव के बेटे) एकसाथ आते हैं, तो वर्ष 2019 में उप्र में 65 लोकसभा सीट जीतने वाली भाजपा को 20 से कम सीट मिल सकती है।

## एनआईए ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में 40 जगहों पर छापेमारी की

## 4 को हिरासत में लिया, पीएफए सदस्यों से की पूछताछ

नई दिल्ली।

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों ने रविवार को आंध्र प्रदेश के विभिन्न जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी की। पीएफआई मामला में एनआईए ने तेलंगाना, आंध्र में 40 जगहों पर छापेमारी की, 4 लोगों को हिरासत में लिया गया। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों को हिंसा भड़काने और अवैध गतिविधियों के सिलसिले में पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

अधिकारियों ने तेलंगाना के निजामाबाद जिले में एक घर पर भी छापा मारा और सोमवार को हैदराबाद में एनआईए कार्यालय का दौरा करने के लिए एक व्यक्ति को नोटिस जारी किया। एनआईए अधिकारियों की 40 टीमों ने एक साथ निजामाबाद, कुरनूल, गुंटूर और नेल्लोर जिलों में तलाशी ली। सूत्रों के अनुसार छापेमारी इलाके में आतंकवादी गतिविधियों की सूचना से संबंधित है।

इन तलाशी के दौरान अधिकारी पहले ही पीएफआई के जिला संयोजक शादुल्लाह और सदस्यों मोहम्मद इमरान और मोहम्मद अब्दुल मोबिन को पूछताछ के लिए उठा चुके हैं। कराटे




सिखाने की आड़ में हिंसा भड़काने और अवैध गतिविधियों/प्रशिक्षण के आरोप में उनसे पूछताछ की जा रही है। जब नंदयाल और कुरनूल में एनआईए की तलाशी चल रही थी, कई स्थानीय लोगों ने वहां पहुंचे अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और नारे लगाए और उन्हें वापस जाने के लिए कहा।

तेलंगाना के निजामाबाद जिले में भी तलाशी जारी है। एनआईए अधिकारियों ने शाहिद चौसीह नाम के एक व्यक्ति के घर की तलाशी ली और उसका पासपोर्ट और बैंक पासबुक जब्त कर लिया। उन्हें सोमवार को हैदराबाद एनआईए कार्यालय आने का नोटिस भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि दो फोन, एक पासपोर्ट और बैंक पासबुक ली, लेन-देन की जांच की और पूछा कि क्या मैं उन्हें कुछ बताना चाहता हूं, जिस पर मैंने जवाब दिया कि मैं एक सेवा केंद्र चलाता हूं। बस इतना ही। और कुछ नहीं। उन्होंने मुझे हैदराबाद एनआईए कार्यालय आने के लिए कहा और मुझे नोटिस दिया, जिस व्यक्ति के घर पर छापा मारा गया था।

नेल्लोर जिले के बुचिरेड्डीपालेम शहर के खाजा नगर इलाके में सुबह से ही एनआईए की तलाशी चल रही है। अधिकारी इलियाज नाम के एक शख्स के आवास की तलाशी ले रहे हैं, जो पिछले तीन महीने से लापता है।

## जहां साइरस की जान गई, वहां इस साल 60 मौतें

### मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर 100 किमी. का पैच जानलेवा; खराब सड़क और बदइंतजामी से हादसे

मुंबई।

टाटा संस के पूर्व चेयरमैन साइरस मिस्त्री की कार का जहां एक्सीडेंट हुआ था, वहां इस साल 62 लोगों की हादसे में मौत हुई और 192 लोग घायल हुए हैं। मुंबई-अहमदाबाद हाईवे पर ठाणे जिले के घोड़बंदर से पालघर जिले के दपचारी के बीच 100 किलोमीटर का हिस्से पर इस साल 262 एक्सीडेंट हुए हैं। पुलिस का कहना है कि खराब सड़क, सिग्नल्स की कमी और स्पीड कंट्रोल के उपाय न होने के कारण हादसे होते हैं। महाराष्ट्र हाईवे पुलिस के एक अफसर ने कहा कि चरोटी के पास



का हिस्सा, जहां 4 सितंबर को साइरस मिस्त्री की मर्सिडीज कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी, वहां इस साल की शुरुआत से अब तक 25 गंभीर हादसों में 26 लोगों की मौत हो चुकी है। चिंचोटी के पास 34 गंभीर दुर्घटनाओं में 25 लोगों की मौत हुई है, जबकि मनोर के पास 10 दुर्घटनाओं में 11 लोगों की मौत हुई है।

### कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले आठ विधायक प्रधानमंत्री मोदी से करेंगे मुलाकात

**पणजी।** गोवा में इस सप्ताह की शुरुआत में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए कांग्रेस के आठ विधायक सोमवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने रविवार को बताया कि मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत तथा भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सदानंद तनावडे की अगुवाई में विधायक सोमवार सुबह प्रधानमंत्री से मुलाकात करेंगे। उन्होंने बताया कि छह विधायक आज रात को विमान से दिल्ली के लिए रवाना होंगे, जबकि विधायक माइकल लोबो और दिगंबर कामत बाद में राष्ट्रीय राजधानी पहुंचेंगे।

## 15 देश हिंदू राष्ट्र बनने को तैयार, भारत का इंतजार कर रहे : शंकराचार्य निश्चलानंद

नागौर।

ज्ञानवापी की क्या बात करते हो, हम तो मक्का तक पहुंच गए, वहां पर भी मक्केश्वर महादेव हैं। भारत हिंदू राष्ट्र है, लेकिन अगर सरकार इसे हिंदू राष्ट्र घोषित करती है तो नेपाल, मॉरिशस समेत दुनिया के 15 देश हिंदू राष्ट्र घोषित होने की तैयारी में हैं।

पुरी पीठाधीश्वर जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती शनिवार को नागौर पहुंचे थे। रविवार दोपहर उन्होंने हिंदू राष्ट्र संगोष्ठी को संबोधित किया। इस दौरान ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग के सवाल पर उन्होंने कहा कि ज्ञानवापी की क्या बात करते हैं, हम तो मक्का तक पहुंच गए हैं, वहां भी मक्केश्वर महादेव हैं।

### भारत के रुख का इंतजार कर रहे हैं कई देश

शंकराचार्य ने कहा कि दुनिया के 15 देश हिंदू देश होने की तैयारी में हैं, वे सिर्फ भारत के रुख का इंतजार कर रहे हैं। युवाओं पर वेस्टर्न कल्चर के असर पर शंकराचार्य ने कहा कि मैं भी दिल्ली में पढ़ा हूं, लेकिन पाश्चात्य संस्कृति अपने पर हावी नहीं होने दी।

### लंपी से गाय को बचाना होगा

लंपी बीमारी पर चिंता जताते हुए शंकराचार्य ने कहा कि मानव जीवन के लिए गाय बेहद उपयोगी है। उन्होंने कहा कि गौ-रक्षा हमारे स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद है। गोवंश की हत्या पूरी संस्कृति की हत्या है। बता दें कि जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद



सरस्वती पुरी के श्रीगोवर्धनमठ के 145 वें शंकराचार्य हैं। मठ के 144 वें शंकराचार्य जगतगुरू स्वामी निरंजनदेव तीर्थ महाराज ने स्वामी निश्चलानंद सरस्वती को अपना उत्तराधिकारी मानकर 9 फरवरी 1992 को गोवर्धनमठ पुरी के 145 वें शंकराचार्य पद पर आसीन किया था।

### क्या है ज्ञानवापी मस्जिद विवाद?

वाराणसी में काशी-विश्वनाथ मंदिर से सटी ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर सैकड़ों वर्षों से विवाद जारी है। माना जाता है कि 1699 में मुगल शासक औरंगजेब ने मूल काशी विश्वनाथ मंदिर को तुड़वाकर ज्ञानवापी मस्जिद बनवाई थी। काशी विश्वनाथ मंदिर के वर्तमान स्वरूप का निर्माण 1780 में इंदौर की महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने कराया था। यहां से मस्जिद को हटाए जाने को लेकर पहली याचिका 1991 में दाखिल हुई थी। 2019 में मस्जिद के आर्कियोलॉजिकल सर्वे को लेकर याचिका दाखिल हुई थी, जो अभी अदालत में लंबित है। पिछले साल 5 महिलाओं द्वारा मस्जिद परिसर में रोजाना श्रृंगार गौरी देवी की पूजा करने की मांग वाली याचिका पर जिला अदालत ने मस्जिद का सर्वे और वीडियोग्राफी कराए जाने का आदेश दिया था।

## सम्पादकीय

# सुशासन बनाम अराजकता

बिहार के बेगूसराय जिले में दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार लोगों ने सड़क पर जिस तरह का आतंक मचाया, उसने एक बार फिर बिहार में सुशासन के दावे पर सोचने के लिए लोगों को मजबूर कर दिया। अराजकता और हिंसा के चुनावी मुद्दा बनने के बाद बिहार में सत्ता परिवर्तन हुआ था और सुशासन का भरोसा दिया गया। अपराधों की प्रकृति, उसके तुलनात्मक आंकड़े और उसके प्रति शासन का रुख बहस का विषय हो सकते हैं, लेकिन शायद कोई नहीं चाहेगा कि राज्य में आपराधिक तत्त्वों की गतिविधियां बेलगाम हो जाएं। बेगूसराय की घटना के सुर्खियों में आने की वजह ही यह बनी कि इस अपराध की प्रकृति दूसरी वारदात के मुकाबले बिल्कुल अलग प्रकृति की थी। दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार अपराधियों ने राष्ट्रीय उच्च पथ 28 पर करीब तीस किलोमीटर तक गाड़ी चलाते हुए बेलगाम गोलीबारी की। गोली लगने से एक व्यक्ति की जान चली गई और दस लोग घायल हो गए। पहली नजर में ही यह साफ लग रहा था कि सड़क पर गाड़ी चलाते हुए इस तरह गोलीबारी किसी खास व्यक्ति को निशाने पर लेकर हत्या करने के मकसद से नहीं, बल्कि आतंक फैलाने के लिए की गई थी, जिसमें किसी की जान की परवाह नहीं थी।

स्वाभाविक ही घटना की प्रकृति को देखते हुए यह सवाल उठा कि इतनी लंबी दूरी तक कुछ अराजक तत्त्व लगातार गोलियां बरसाते रहे और इस बीच कहीं भी सड़क पर उन्हें रोकने-टोकने के लिए पुलिस वाले नहीं दिखे। जबकि उम्मीद यह की जाती है कि भाग रहे किसी भी अपराधी को पुलिस का तंत्र कुछ ही देर में पकड़ लेगा। राहत की बात सिर्फ इतनी है कि गोलीबारी कर गायब हो गए चार आरोपियों को सीसीटीवी के फुटेज, मोबाइल के लोकेशन और अन्य तकनीकी यंत्रों की मदद से पुलिस ने अब गिरफ्तार कर लिया है। शुरुआती जांच और पूछताछ के बाद पुलिस ने यह बताया कि गोलीबारी करने वालों का मकसद दहशत या आतंक फैलाना था। लेकिन फिर इसके बाद इस सवाल का जवाब बाकी रह जाता है कि आम लोगों के बीच ऐसी वारदात के जरिए आतंक फैलाने के पीछे क्या मकसद हो सकता है! संभव है कि पुलिस अपनी जांच-पड़ताल के बाद इस पहलू का भी खुलासा करे, लेकिन तीस किलोमीटर तक सड़क पर अपराधियों ने सरेआम और बेरोकटोक जैसा आतंक मचाया, वह कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर एक गंभीर खामी का सूचक है।

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद सबसे ज्यादा सुर्खियों में रहने वाला शब्द सुशासन रहा है। इसलिए वे अगर अपने सुशासन और राज्य के हित में सोचने वाले नेता की पहचान के साथ टिके रहना चाहते हैं तो उन्हें राज्य में होने वाले ऐसे अपराधों को अंजाम देने वाले अपराधियों और पर्दे के पीछे खड़े उनके संरक्षकों को भी कानून के कठघरे में खड़ा करना होगा। अगर ऐसी अराजक हिंसा की वारदात होती है तो राज्य सरकार को सोचना चाहिए कि सुशासन का क्या अर्थ है और वह किस मोर्चे पर नाकाम है। दरअसल, बेगूसराय में अपराधियों ने जैसा तौर-तरीका अपनाया, उसकी वजह से इस पर सबका ध्यान जाना लाजिमी है। यह कहा जा सकता है कि सरकार की सक्रियता और पुलिस की तत्पर कार्रवाई के बाद चार आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए, लेकिन जरूरत इस बात की है कि इस घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच-पड़ताल कर त्वरित अदालत के जरिए दोषियों को सख्त सजा दिलाने के लिए सरकार अपनी इच्छाशक्ति दिखाए।

# सवालों के बीच गुजरती भारत जोड़ो यात्रा, इसके जरिये कोई नया विमर्श नहीं खड़ा कर पा रहे हैं राहुल गांधी

**भारत जोड़ो यात्रा को शुरू हुए अभी दस दिन ही हुए हैं, लेकिन वह कई विवादों से दो-चार हो चुकी है। एक विवाद नफरती बयान देने वाले पादरी से राहुल की मुलाकात से उभरा और दूसरा कांग्रेस की ओर से आरएसएस के गणवेश को आग लगाते हुए ट्वीट से। इस ट्वीट से यही स्पष्ट हुआ कि कांग्रेस भारत जोड़ने के नाम पर आरएसएस और भाजपा पर निशाना साधना चाहती है। यदि कांग्रेस का उद्देश्य वास्तव में भारत को जोड़ना है, तो फिर वह अपने आचार-व्यवहार के माध्यम से आरएसएस-भाजपा की विचारधारा से प्रभावित लोगों को आकर्षित करने का काम क्यों नहीं करती? यदि भारत जोड़ो यात्रा का उद्देश्य सचमुच लोगों से जुड़ना है तो फिर विरोधी दलों पर अनावश्यक टीका-टिप्पणी करने का क्या मतलब? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि इस यात्रा में राहुल गांधी वही सब बयान दोहरा रहे हैं, जो वह बीते तीन-चार साल से कहते चले आ रहे हैं। इसका अर्थ है कि वह आम जनता के समक्ष कोई नया विचार रखने में सक्षम नहीं हैं।**



**कन्याकुमारी,** तमिलनाडु से शुरू हुई कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा फिलहाल केरल में है। वाम दलों द्वारा शासित इस राज्य में यह यात्रा करीब 18 दिन रहेगी। ज्ञात हो कि केरल की वायनाड लोकसभा क्षेत्र से राहुल गांधी सांसद हैं। 20 लोकसभा सीटों वाले केरल की राष्ट्रीय राजनीति में वैसी अहमियत नहीं, जैसी कहीं अधिक सीटों वाले उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बंगाल आदि की है। यह यात्रा चुनाव वाले राज्यों हिमाचल और गुजरात से भी नहीं गुजर रही है। अब यह कहा जा रहा है कि यह यात्रा पूरी हो जाने के बाद उसका दूसरा चरण गुजरात से शुरू होगा। इसका अर्थ है कि यह काम करीब पांच माह बाद होगा। भारत जोड़ो यात्रा केरल में तो 18 दिन रहेगी, लेकिन 80 सीटों वाले उत्तर प्रदेश में चार-पांच दिन। इसे लेकर सवाल उठ रहे हैं और सबसे पहला सवाल केरल सरकार का नेतृत्व कर रही माकपा ने उठाया। उसने इसे सीट जोड़ो यात्रा करार दिया, जिसके जवाब में कांग्रेस ने उसे भाजपा की बी टीम बता दिया। ध्यान रहे कि माकपा के साथ मिलकर कांग्रेस ने बंगाल में विधानसभा चुनाव लड़ा था। एक समय उत्तर प्रदेश कांग्रेस का गढ़ था। नेहरू, इंदिरा और राजीव गांधी यहीं से चुनाव जीतकर प्रधानमंत्री बने, लेकिन लगता है कि कांग्रेस इस राज्य में अपने लिए कोई उम्मीद नहीं देख रही है।

भारत जोड़ो यात्रा का उत्तर प्रदेश में केवल चार-पांच दिन का सफर कांग्रेसजनों के लिए भी आश्चर्य का विषय है। कांग्रेस प्रवक्ता जयराम रमेश की मानें तो इस यात्रा का उद्देश्य पार्टी को मजबूती देना है, न कि विपक्षी एकता को बल देना, लेकिन वह इसकी अनदेखी कर रहे हैं कि कांग्रेस अपने बूते कितनी भी मजबूती पा ले, बिना गठबंधन वह कोई छाप नहीं छोड़ पाएगी। जयराम रमेश का यह भी मानना है कि यदि कांग्रेस मजबूत होगी तो विपक्षी दल खुद उसके साथ आ जाएंगे, पर यह भी उनकी एक भूल ही है, क्योंकि अधिकांश भाजपा विरोधी दल उसकी कमजोरी का लाभ उठाकर उसके ही वोट बैंक में सेंध लगा रहे हैं। कांग्रेस इसीलिए कमजोर हुई, क्योंकि वह क्षेत्रीय दलों को साथ लेने के फेर में अपनी राजनीतिक जमीन उनके लिए छोड़ती गई। कांग्रेस भले ही यह कहे कि इस यात्रा का उद्देश्य पार्टी को मजबूती देना है, लेकिन लगता यही है कि इसका मकसद राहुल गांधी का कद बढ़ाना है। जब विधायकों का यह हाल है तो कार्यकर्ताओं के मनोबल का अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है। कांग्रेस में ऐसे नेताओं की संख्या बढ़ती जा रही है, जो यह मान रहे हैं कि चाटुकार नेता गांधी परिवार का गुणगान कर अपना हित साधने में लगे हुए हैं। उनके पास ऐसी कोई रणनीति नहीं कि देश को आगे कैसे ले जाया जाए और जनता के सामने क्या ठोस विकल्प पेश किया जाए? उसके इस खोखले सोच के कारण ही इस समय जदयू, टीआरएस, तृणमूल कांग्रेस आदि अपने-अपने हिसाब से विपक्षी एका की रणनीति पर आगे बढ़ रहे हैं। कांग्रेस के बिना विपक्षी एकता संभव नहीं, लेकिन ममता बनर्जी और केसीआर उसे साथ लिए बिना विपक्ष को एकजुट करना चाहते हैं। ये नेता यह भूल रहे हैं कि कांग्रेस के पास आज भी कहीं अधिक वोट हैं और उसे केंद्र में शासन करने का अनुभव भी है। इस सबके बावजूद कांग्रेस जिस तरह गांधी परिवार को ही अपना उद्धारक बताने में समय जाया कर रही है, वह उसकी मुश्किलों को बढ़ा रहा है। कांग्रेस की मुश्किलें इसलिए भी बढ़ रही हैं, क्योंकि सोनिया गांधी हों या राहुल, उनका एकमात्र लक्ष्य हर विषय पर प्रधानमंत्री को कोसना और उन्हें नीचा दिखाना है। राहुल यही काम भारत जोड़ो यात्रा के जरिये कर रहे हैं। उनके बयान उनकी नकारात्मक राजनीति को ही रेखांकित कर रहे हैं। भारत जोड़ो यात्रा यह भी बता रही है कि राहुल उन राज्यों से बचना चाहते हैं, जहां भाजपा राजनीतिक रूप से कहीं अधिक सशक्त है। भाजपा विरोधी दलों के नेता जिस तरह अपने-अपने तरीके से विपक्ष को एकजुट करने की कोशिश कर रहे हैं, उससे यही स्पष्ट होता है कि उनका लक्ष्य प्रधानमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करना है।

## व्यापार समाचार

# सेना ने आपात खरीद के लिए घरेलू रक्षा विनिर्माताओं को दिया आमंत्रण



नई दिल्ली।

भारतीय सेना ने रविवार को कहा कि स्वदेशी उपकरणों की मदद से अगला युद्ध लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप उसने घरेलू रक्षा उद्योग को आपातकालीन खरीद के लिए महत्वपूर्ण रक्षा उपकरणों की पेशकश करने के लिए आमंत्रित किया है। सेना ने अपने कई ट्वीट संदेशों में इस निमंत्रण का उल्लेख करते हुए कहा कि आपात खरीद के लिए घरेलू रक्षा विनिर्माताओं को स्थानीय रक्षा उपकरणों की पेशकश करनी चाहिए। सेना ने कहा, ''यह निमंत्रण स्वदेशी समाधानों के साथ भविष्य की लड़ाई लड़ने की सेना की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।'' सेना ने अपने ट्वीट में कहा कि आपात खरीद में घरेलू स्तर पर विकसित रक्षा उत्पादों की पेशकश एक सीमित समयसीमा के लिए लागू होगी।

सेना ने कहा, ''खरीद की यह खिड़की भारतीय उद्योग के लिए छह महीने तक खुली रहेगी और खरीद अनुबंध पर हस्ताक्षर करने के एक साल के भीतर उपकरणों की आपूर्ति करने की अपेक्षा उद्योग से होगी।'' सेना ने इस खरीद प्रक्रिया को खुली निविदा पर आधारित बताते हुए कहा कि बंदूकों, मिसाइल, ड्रोन, संचार एवं ऑप्टिकल प्रणाली, विशेषज्ञ वाहन, इंजीनियरिंग उपकरण और वैकल्पिक ऊर्जा संसाधन के लिए प्रस्ताव लाए जा रहे हैं। सेना की जरूरतों को पूरा करने के लिए पिछले कुछ समय में सैन्य उपकरणों को स्वदेशी स्तर पर विकसित करने पर जोर दिया जाता रहा है।

# एमएसपी समिति की अगली बैठक 27 सितंबर को

**नई दिल्ली।** फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी), प्राकृतिक खेती और फसल विविधीकरण पर गठित समिति की दूसरी बैठक 27 सितंबर को हैदराबाद में होगी। सरकार की तरफ से गठित इस समिति की पहली बैठक पूर्व कृषि सचिव संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 22 अगस्त को नयी दिल्ली में हुई थी। उस बैठक में विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श के लिए तीन आंतरिक उप-समूह बनाए गए थे।

REG. NO.: 17/20/2007/26
AN ISO 9001:2008 CERTIFIED COACHING
सम्पूर्ण भारत में सर्वाधिक सलेक्शन देने वाला डिफेंस कोचिंग सेंटर
TAGORE COACHING CENTRE KUCHAMAN CITY, DISTT. NAGAUR
टैगोर कोचिंग सेंटर
मेगा हाईवे, जूसरी रोड़ कुचामन सिटी
All India 1 Rank Airforce X-Group (Technical) 31 Oct 2018
राकेश कुमार
पुत्र श्री कैलाशचन्द्र ताल, खेतड़ी, झुंझुनूं
लम्बे दौर से सैन्य सेवाओं में हजारों सलेक्शन देने वाला
टैगोर कोचिंग सेंटर अब इसी श्रृंखला में
12वीं के बाद (डिग्री + सरकारी नौकरी!)
"12वीं के बाद स्नातक डिग्री तक के बहुमूल्य तीन वर्ष में ही पायें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता"
SSC का स्पेशल बैच 17 सितम्बर 2022 से प्रारम्भ
SSC द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाएं
SSC • GD • MTS • CHSL (10+2) • CGL • Delhi Police
शीघ्र रजिस्ट्रेशन कराएं
समय व पैसा दोनों बचायें
12वीं के बाद कॉलेज में प्रवेश लेकर अधिकत्तर विद्यार्थी तीन वर्ष तक केवल स्नातक डिग्री की प्रतीक्षा में तीन वर्ष का बहुमूल्य समय व्यर्थ में ही बर्बाद कर देते हैं। डिग्री मिलने के पश्चात् जब प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग संस्थान में दाखिला लेते हैं तब उनको इस बात का आभास होता है कि कॉलेज पाठ्यक्रम और प्रतियोगी परीक्षाओं के पाठ्यक्रम में बहुत बड़ा अन्तर है, उन विद्यार्थियों को तब समझ में आता है कि तीन वर्ष व्यर्थ में ही गुजार दिये। केवल इतना ही नहीं बल्कि उन तीन वर्षों में लक्ष्य विहीन एवं गलत संगत के कारण नाना प्रकार की बुरी आदतों व कुत्सित मानसिकता का इस कदर शिकार हो जाते है कि लाख जतन के उपरान्त भी अच्छे से अच्छे कोचिंग संस्थान भी उन विद्यार्थियों को सफलता के मार्ग पर अग्रसर नहीं कर सकते। टैगोर कोचिंग सेन्टर में 12वीं कक्षा के बाद (B.A., B.Sc.+ सरकारी नौकरी!) का बैच ज्वॉइन करके समय व धन की बर्बादी को रोक सकते हैं।
प्रशिक्षु ऑनलाइन टेस्ट (कम्प्यूटर लेब में) देते हुए
हिन्दी & अंग्रेजी माध्यम
पहले आओ, पहले पाओ
सीटें सीमित
"हर युवा के पास शक्ति और सामर्थ्य होता है"
वही शक्ति युवा का उत्थान और वही शक्ति पतन भी कर सकती है
जिन विद्यार्थियों का 12वीं का परीक्षा परिणाम आशानुरूप नहीं रहा, उन विद्यार्थियों के अभिभावक हताश नहीं हों, ऐसा नहीं है कि उन विद्यार्थियों का सामर्थ्य और रूचि भविष्य में भी ज्यों की त्यों ही रहने वाली है। जैसे-जैसे बच्चे की आयु बढ़ती है वैसे-वैसे उसमें अनेक प्रकार के बदलाव आते हैं। हाँ! काश इस दौरान बच्चे का लक्ष्य ( B.A., B.Sc. + सरकारी नौकरी ) निर्धारित कर दिया जाए तथा विद्यार्थी को अनुकूल माहौल और लगातार प्रशिक्षण मिलता रहे तो उस विद्यार्थी को सफल होने से कोई नहीं रोक सकता है। टैगोर कोचिंग सेन्टर ने यह काम डिफेन्स के फील्ड में बखूबी करके अभिभावकों का विश्वास जीता है। अब कॉलेज के साथ सिविल सर्विसेज की तैयारी भी प्रारम्भ कर दी है। सकारात्मक वातावरण व अनुकूल माहौल, मार्गदर्शन एवं नियमित प्रशिक्षण के द्वारा सिविल सर्विसेज में भी डिफेन्स की ही तरह महारिकॉर्ड कायम करने का स्वप्न संजोया है। अधिक जानकारी और सन्तुष्टि व भरोसे के लिए अभिभावकगण एक बार टैगोर कोचिंग संस्थान परिसर का भ्रमण व अवलोकन अवश्य करें।
एयरफॉर्स एवं नेवी में अपार सफलता के बाद केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु प्रवेश प्रारंभ
एक वर्षीय पाठ्यक्रम/ त्रि- वर्षीय पाठ्यक्रम/ चार वर्षीय पाठ्यक्रम
जिम में अभ्यास करते हुए
(A.C. Class Room)
डिजिटल क्लास रूम (इंटरेक्टिव पेनल के माध्यम से) अध्यापन व्यवस्था
योग प्राणायाम करते हुए
कैम्पस में ही खेल मैदान सुविधा
NEHA ADVT
हेल्पलाईन नं. 9982216661, 9983514441
Email- tcckct@gmail.com | www.tagoredefencekuchaman.com

शिक्षा नगरी कुचामन सिटी की एकमात्र संस्थान जो केवल गर्ल्स को समर्पित
KBM गर्ल्स कोचिंग संस्थान
LDC + CET
CET EXAM - 12th Level
Graduation Level
रेजिडेन्शियल कोचिंग
गारण्टेड व नॉन गारण्टेड बैच
निदेशक शिवराज चौधरी
झालरा रोड़, मेघा हाईवे, कुचामन सिटी, नागौर (राज.)
7733841991, 9875181082, 8302549945

## आज का राशिफल

### मेष

आज आप नए काम आसानी से शुरू कर सकेंगे, परंतु आपके विचारों में स्पष्टता न होने से उलझन बढ़ने की आशंका है। व्यापार में प्रतियोगी को पछाड़ना मुश्किल होगा। अच्छी और लाभदायक यात्रा की संभावना है।

### वृषभ

उलझन पूर्ण मानसिकता के कारण महत्वपूर्ण अवसर खो सकते हैं। नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल दिन नहीं है। अपनी मीठी वाणी से आप किसी को भी आकर्षित कर सकेंगे। आपके परिवार में शांति बनी रहेगी।

### मिथुन

आज आप उत्साहित और ताजगी का अनुभव कर सकेंगे। अच्छे कपड़े और आभूषण खरीदने का योग बन रहा है। स्वादिष्ट भोजन करेंगे और सगे-सम्बंधियों के साथ आपका दिन खुशी में व्यतीत होगा।

### कर्क

परिवार में लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। किसी के साथ संघर्ष या विवाद होने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति सजग ना रहने पर स्वास्थ्य खराब हो सकता है। कानूनी मामलों में सजगता के साथ आगे की ओर बढ़ें।

### सिंह

आपकी प्रतिष्ठा को कलंक लगने या आर्थिक नुकसान होने की संभावना है। आज आपको लाभ होने की संभावना है, परंतु आपका मनोबल स्पष्ट न हो, तो मिला हुआ अवसर भी खो सकते हैं। मित्रों से मिलकर लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

### कन्या

आप अपने बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे। घर में शुभ प्रसंग का आयोजन होगा। व्यापार में अच्छी सफलता प्राप्त कर सकेंगे। नौकरीपेशा लोगों की आय में वृद्धि हो सकेगी। यात्रा होने की भी संभावना है।

### तुला

आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। नए काम का आयोजन सफल होगा। व्यापार करने वालों तथा नौकरीपेशा लोगों के लिए लाभ का दिन है। पदोन्नति की संभावना है। अधिकारी से लाभ होगा।

### वृश्चिक

धन, मान-सम्मान मिलेगा। पिता की ओर से लाभ होगा। परिवार में आनंद का वातावरण छाया रहेगा। तंदुरुस्ती अच्छी रहेगी। सरकारी काम पूरे होंगे। ऑफिस के काम से बाहर जाना पड़ सकता है।

### धनु

गृहस्थ जीवन में सामंजस्य बना रहेगा। साहित्य में रुचि रखने वाले बौद्धिक लोगों से मिलकर ज्ञान की चर्चा में समय व्यतीत होगा। किसी लंबे सफर पर या किसी धार्मिक यात्रा पर जाना हो सकता है।

### मकर

आज सावधानीपूर्वक आगे बढ़ें और महत्वपूर्ण काम आज हाथ में न लें, तो अच्छा होगा। उग्र स्वभाव और खराब व्यवहार के कारण आप तकलीफ में आ सकते हैं। आपको समय से भोजन नहीं मिलने की आशंका बनी रहेगी।

### कुंभ

आज का दिन तर्क-वितर्क के लिए अच्छा है। आप किसी भी बात का एनालिसिस अच्छे से कर सकेंगे। प्रवास, मनोरंजन, मित्रों के साथ मुलाकात, स्वादिष्ट भोजन और सुखद चीजों की खरीदारी आपको अधिक आनंदित करेगी।

### मीन

व्यापार-धंधे में वृद्धि होगी। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायक होगा। आर्थिक कामकाज अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे। आपके साथ काम करने वाले तथा अधीनस्थ कर्मचारी का सहयोग आपको प्राप्त होगा।

# अवैध मादक पदार्थ सहित नामजद आरोपी गिरफ्तार

## छः सौ ग्राम डोडा पोस्त सहित मोटरसाइकिल जब्त

एजाज़ अहमद उस्मानी



**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड कस्बे के रेलवे फाटक संख्या सी 1 से मेड़तारोड पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ सहित एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। नागौर पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा व मेड़ता सिटी वृताधिकारी मदनलाल जैफ के सुपरविजन में मुखबिर की सूचना के आधार पर मेड़ता रोड थाना अधिकारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मेड़ता रोड थाना अधिकारी राजपाल सिंह ने अपने साथ कांस्टेबल राजेश, राजूराम, पूरण प्रकाश व हरेंद्र की एक टीम तैयार कर थाना क्षेत्र के जारोड़ा गांव के बुद्धा राम पुत्र रतीराम जाति बिश्नोई उम्र 40 वर्ष निवासी जारोड़ा थाना मेड़ता रोड को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी से पुलिस ने 600 ग्राम डोडा पोस्त बरामद करते हुए परिवहन करते हुए मामले में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

# हृदय रोग जांच व परामर्श शिविर में 83 रोगी हुए लाभान्वित



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** लायंस क्लब कुचामनसिटी के तत्वावधान में नए लॉयनवादी सत्र 22-23 में सीतादेवी सत्यनारायण काबरा चैरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से रामजीवन काबरा रोग निदान केंद्र पर हृदय रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। क्लब अध्यक्ष लॉयन सीए मुकेश डालुका ने बताया कि शिविर में सवाई मानसिंह अस्पताल जयपुर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सुनील जैन ने अपनी सेवाएं दी। शिविर संयोजक लॉयन नरेंद्र शर्मा ने बताया कि शिविर में 83 रोगियों द्वारा चिकित्सीय परामर्श लिया गया। साथ ही चिकित्सकीय अनुशंषा पर 69 ब्लड सम्बंधित जाँचें, 33 ईसीजी व 12 एक्सरे व 2 टीएमटी की निःशुल्क जाँचे की गयी। क्लब सचिव मनोज अग्रवाल ने बताया कि शिविर में लॉयन नरेंद्र शर्मा, लॉयन हेमराज पारीक, लॉयन चेतन खालडका, लॉयन श्याम सुंदर सेनी, लॉयन श्याम सुंदर मंत्री, लॉयन संजय राँवका, लॉयन बाबुलाल मांधनिया, क्लब अध्यक्ष लॉयन सीए मुकेश डालुका, क्लब सचिव लॉयन मनोज अग्रवाल, रवि काबरा, अंकित सारडा आदि उपस्थित रहे।

# खोयी नकदी व दस्तावेज लौटाकर दिया ईमानदारी का परिचय



जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे में एक युवक ने खोया पर्स लौटाकर ईमानदारी का परिचय दिया हैं। ग्राम थाटा निवासी गिरधारी सिंह हरसौर से अपने गांव जा रहा था। एचपी पेट्रोल पंप के पास उसका पर्स गिर गया। पर्स में 7240 रुपये नकद, पैनकार्ड, एटीएम एवं अन्य दस्तावेज थे, तभी वहां से गुजर रहे युवक प्रकाश मुंडेल को यह पर्स मिला। उसने सरपंच प्रतिनिधि सुल्तान मोहम्मद को जानकारी दी। तब सूचना पाकर गिरधारी सिंह ने मौके पर पहुंच कर वापस सब कुशल पर्स लिया। इस दौरान ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष इकबाल अली, सुलेमान चौहान, हनुमान देवासी आदि अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# राजस्थान कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा क्षेत्र में बाहरी प्रत्याशियों को दी पीसीसी मेंबर्स तरजीह

नरोत्तम जारोड़ियां

**कुरड़ायां/मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** कांग्रेस पार्टी भले ही संगठन चुनाव में आंतरिक लोकतंत्र की बात कहे लेकिन जिस तरह से राजस्थान कांग्रेस के पीसीसी मेंबर्स की सूची में विधानसभा क्षेत्रों व जिलों के बाहरी उम्मीदवारों का बोलबाला दिखाई दे रहा है। उससे कांग्रेस का संगठन चुनाव विवादों में घिर गया है। अब तक सामने आया है कि मेड़ता विधानसभा क्षेत्र में बाहरी उम्मीदवार विशाल जांगिड़ को मेड़ता पीसीसी सदस्य बनाने पर स्थानीय कांग्रेसी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त है। युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सुखदेव बांगड़ा ने बताया कि पिछले 2018 विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेसी पार्टी ने बाहरी उम्मीदवार को टिकट देकर प्रत्याशी बनाया था, जिसकी वजह से पार्टी की जमानत जब्त हुई थी और उसके उपरांत शनिवार को पीसीसी मेंबर्स की सूची जारी हुई जिसमें जोधपुर निवासी विशाल जांगिड़ को मेड़ता क्षेत्र का पीसीसी सदस्य बनाकर कांग्रेस पार्टी ने भूल की है। इसके कारण कांग्रेस के सियासी गलियारों में भी नाराजगी देखी जा रही हैं।

**मेड़ता कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी रोष, समय रहते नहीं हटाया तो विरोध प्रदर्शन होगा**

**चुनावों में भुगतना होगा खामियाजा :** कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कहना है कि मेहनत करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पीसीसी मेंबर्स नहीं बनाया गया ज्यादातर परिवारवाद व बाहरी लोगों को पीसीसी मेंबर्स में जगह दी गई है, इसका खामियाजा आने वाले विधानसभा चुनावों में पार्टी को भुगतना पड़ सकता है।

# कुचामन के न्यू बस स्टैण्ड पर भी अब मिलेगा आठ रूपये में खाना

## सभापति आसिफ खान ने इन्दिरा रसोई का रिबन काटकर समारोह पूर्वक किया उद्घाटन





सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** राजस्थान की महत्वाकांक्षी इन्दिरा गांधी रसोई योजना की सफलता को देखते हुए रविवार को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अनेकों स्थानों पर इस योजना का ऑनलाइन लोकार्पण किया। इसी क्रम में न्यू बस स्टॉप पर नगरपरिषद् कुचामनसिटी द्वारा संचालित इन्दिरा रसोई योजना का परिषद् सभापति आसिफ खान द्वारा रिबन काटकर समारोह पूर्वक उद्घाटन किया गया।

सभापति ने बताया कि वर्ष 2020 में 1 रसोई का शुभारम्भ पुराने बस स्टैण्ड पर किया गया था। प्रदेश में इस योजना की सफलता के बाद प्रदेश में 642 नई इन्दिरा रसोईयों का लोकार्पण मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।

इसके अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति को भूखा नहीं रखने के आशय से 8 रूपये प्रति प्लेट के हिसाब से खाना उपलब्ध करवाया जायेगा। सभापति खान ने अपने हाथों से लोगो को खाना परोसा।

**अब कुचामन में 3 हो जाएगी इन्दिरा रसोई :** सभापति आसिफ खान ने बताया कि कुचामन के पुराने रोडवेज बस स्टैण्ड पर इन्दिरा रसोई योजना की शुरूआत की गई। यह रसोई जरूरतमंद लोगों का पेट भरने के लिए काफी कारगर साबित हुई। इसी सफलता को देखते हुए अब नवीन रोडवेज बस स्टैण्ड पर भी आज एक ओर इन्दिरा रसोई की शुरूआत की गई है। खान ने बताया कि शहर के सीकर बस स्टैण्ड पर भी शीघ्र की इन्दिरा रसोई खुलने जा रही है। ये क्षेत्र भी काफी व्यस्ततम है। खान ने बताया कि इन्दिरा रसोई का निर्माण कार्य चल रहा है, कुछ दिनों में सीकर बस स्टैण्ड पर लोगो को मात्र 8 रूपयों में भरपेट खाना मिल सकेगा।

**ये प्रबुद्धजन रहे मौजूद :** समारोह में सभापति आसिफ खान के साथ उपसभापति हेमराज चांवला, वार्ड पार्षद अयुब शेख, अयुब तेली, श्यामलाल बागड़ा, सुभाष पावड़िया, जवानाराम, इमरान खान, श्रीमति सन्तोष देवी, संजना बुगालिया, समंदर राम, मनोनीत पार्षद दीनदयाल कुमावत, भंवर अली खान, कानाराम बुनकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुतेन्द्र सारस्वत, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शेर खां, आरीफ खान, रफीक खान नेता, मुनीम खान, मुबारिक कारीगर सहित शहर के कई प्रबुद्धजन मौजूद रहे। सभी ने उद्घाटन अवसर पर भोजन ग्रहण किया।

# महिला कब्बडी टीम विजय होकर मारोठ पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलों के ब्लॉक स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट में नावां ब्लॉक में मारोठ महिला कबड्डी टीम विजेता रही। विजेता टीम के मारोठ पहुचने पर मारोठ सरपंच सारिका बाबेल व ग्रामीणों ने माला साफा पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया व सभी खिलाड़ियों ने डी.जे.पर नाच गान करके अपनी खुशी जाहिर की। विजेता टीम का गांव वालो ने जगह-जगह माला पहनाकर स्वागत किया ओर होशला अबजाई की एस बी आई बैक के पास अयूब ने अपना जन्मदिन टीम के खिलाड़ियों के साथ मनाकर खुशी जाहिर की। सभी खिलाड़ियों व गांव वालों को केक व मिठाई खिला कर टीम को हमेशा आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। टीम के कोच शंकर लाल मीणा ने बताया कि ब्लॉक पर लगभग 24 महिला कबड्डी टीम ने भाग लिया था, जिनमें से मारोठ व भगवानपुरा की टीम फाइनल में पहुंची थी ओर मारोठ ने भगवानपुरा को 20-70 के स्कोर से हरा कर ब्लॉक स्तरीय टुर्नामेंट को अपने नाम किया। टीम का मारोठ पहुचने पर पीईईओ छोटुराम गोठवाल, सरपंच सारिका बाबेल, वरिष्ठ अध्यापक बेगाराम चौधरी, जैन स्कूल अध्यक्ष हितेश रारा, वरिष्ठ शारिरिक शिक्षक शंकर लाल मीणा, रतनलाल मीणा, छीतरमल, भीवाराम, तोफीक, रामधन उमरिया, जगदीश सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# कल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक हो समाज : कालवा

## मेड़तियान सिलावट समाज की 45 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

अबूबकर बल्खी।



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** तेलीरोड स्थित मेड़तियान सिलावट पँचायत भवन में समाज में विशेष योगदान देने वाली एंव शिक्षा क्षेत्र में अलख जगाने वाली 45 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हाफिज मुहम्मद जुनैद ने तिलावत कुरआन से कार्यक्रम का आगाज किया। जिसमें नागौर जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कालवा ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज को सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याण कारी योजनाओं के प्रति जागरूक होना आवश्यक है। योजनाओं की जानकारी के अभाव में अल्पसंख्यक समाज के छात्र छात्राओं के स्कॉलरशिप फॉर्म कम भरे जा रहे हैं जिनका उन्हें पूरा लाभ नहीं मिल पाता। कालवा ने अल्पसंख्यक समाज की बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आकर परिवर्तन की बात कही। वंही विद्यार्थियों को बेगम हजरत महल स्कॉलरशिप सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारियां प्रदान की।

**बोर्ड कक्षाओं के टॉपर्स का किया सम्मान :** इस अवसर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष मोहम्मद शफी, अब्दुल शकूर, पूर्व सचिव मास्टर अख्तर हुसैन, मास्टर मोहम्मद हुसैन, पूर्व कोषाध्यक्ष मुहम्मद रफीक सहित बोर्ड कक्षाओं में टॉपर रहे 45 छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी राजेश कालवा, जिला कार्यक्रम अधिकारी उस्मान खान, लेखाधिकारी शिक्षा विभाग सूर्यप्रकाश आर्य, मेड़तियान सिलावट समाज अध्यक्ष सलीम बल्खी, सचिव दिलावर हुसैन, कोषाध्यक्ष मेहबूब आलम, मास्टर अब्दुस्सलाम, जलालुद्दीन सौलंकी, कासम बाबू, रमजान खिलजी, ज्यांन मुहम्मद भुट्टा, आमीन उर्फ कालू सिलावट, मोहम्मद शफी आदि ने प्रतिभाओं को साफा व माला पहनाकर एंव प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संचालन अख्तर हुसैन बल्खी ने किया।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में हुआ 133 यूनिट का संग्रह

## भारत विकास परिषद कुचामन के तत्वावधान में आयोजित हुआ शिविर





सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भारत विकास परिषद कुचामन शहर के तत्वावधान में रविवार को माहेश्वरी भवन, न्यू कॉलोनी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 133 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। शिविर की शुरुआत थानाधिकारी मनोज माचान, चम्पालाल पारीक, परिषद के अध्यक्ष गोविंद राम चौधरी और उपाध्यक्ष रमेश चंद सेन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

शिविर संयोजक शरद सोमानी ने बताया कि शिविर में सभी समाज के लोगों का सहयोग मिला और सभी ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। शिविर में नटवर मांधनियां, अमित जैन, नरेश लढ़ा आदि ने सपत्नीक रक्तदान किया। संस्था के सह सचिव राघव सारड़ा ने बताया कि शिविर में गर्वित मालपानी, सुमित चौधरी, राजेश कुमावत आदि ने जीवन में प्रथम बार रक्तदान किया।

संपर्क प्रमुख अंकुर काला ने बताया की रक्तदान को इसलिए महादान का नाम दिया गया है क्योंकि आप जो ब्लड दान करते हैं, उससे कई लोगों की जिंदगी बच जाती है।

**इन्होंने किया सहयोग**

शिविर में कोषाध्यक्ष मोहित सेठी, संपर्क प्रमुख अंकुर काला, महेश रामचन्द्रका, महेन्द्र वर्मा, अरविंद तोषनीवाल, पवन अग्रवाल, समर्पण सोमानी,राजेश शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, शैलेश मोर, राजाराम प्रजापति आदि सदस्यों ने उपस्थित रहकर सहयोग किया।

**रक्तवीरों का किया उत्साहवर्धन**


शिविर में श्यामसुंदर मंत्री, ओमप्रकाश काबरा, महावीर मूंदड़ा, आदित्य मंत्री, उपकार झांझरी, अंकित सारड़ा, नितिन पाटोदी, अंकित पांड्या आदि गणमान्य लोगों ने उपस्थित रहकर रक्तवीरों का उत्साहवर्धन किया तथा भारत विकास परिषद द्वारा किये जा रहे सेवा प्रकल्पों की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

# राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध नियंत्रण ब्यूरो के कानूनी सलाहकार बने पारीक

अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज )** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणधीर कुमार ने राजस्थान टीम का विस्तार करते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ने व आरटीआई कार्यकर्ता महावीर पारीक को राजस्थान राज्य में कानूनी सलाहकार के पद पर नियुक्त किया है। पारीक ने कहा कि संगठन ने जो मुझे दायित्व सौंपा हैं उसको मैं कर्तव्य निष्ठा से निभाते हुए संगठन को सम्पूर्ण राजस्थान में मजबूती की ओर ले जाऊंगा। साथ ही कहा कि भ्रष्टाचार ने देश को दीमक की तरह नष्ट कर दिया है। उस पर लगाम लगाने के लिए भ्रष्टाचार के खिलाफ लडने वाले क्रांतिकारियों की टीम तैयार करते हुए संगठन को आर्थिक मजबूती के साथ जरुरी सुधार के भी प्रयत्न किये जायेगें।

# सांसद दियाकुमारी का ग्रामीणों ने किया स्वागत



जुगल किशोर

**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम मोड़ीकलाँ पहुँची सांसद दियाकुमारी का ग्रामीणों ने स्वागत किया।

प्रधान जसवंत सिंह थाटा एवं उपप्रधान प्रतिनिधि चेनाराम भींचर की अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। सांसद ने गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया।

इस अवसर पर पूर्व सहकारिता मंत्री अजय सिंह किलक, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष मदनराम गौरा, महामंत्री कुलदीप सिंह गोल सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बूथ गोद लेकर 205 बच्चों को पिलाई पोलियो की दवा

## मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी ने बूथ संख्या 11 को लिया गोद

सद्दाम रंगरेज




**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर की सामाजिक संस्था मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी ने राजकीय सुरजी देवी काबरा बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कुचामनसिटी की बूथ संख्या 11 को गोद लेकर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाई।

शिविर का शुभारंभ पल्स पोलियो नोडल ऑफिसर डॉक्टर शकील अहमद राव व पल्स पोलियो प्रभारी अधिकारी डॉक्टर इशाक मोहम्मद देवड़ा ने उपस्थित बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर किया। इस अवसर पर पल्स पोलियो प्रभारी अधिकारी डॉक्टर इशाक मोहम्मद देवड़ा ने उपस्थित जन से अपील करते हुए कहा कि वह अपने 5 साल तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर इस अभियान में सक्रिय सहभागिता दर्ज कराते हुए इस अभियान को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। सोसायटी के सेक्रेट्री अकीक अहमद उस्मानी ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा पहले दिन बूथ पर 205 नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलाई गई तथा उनके द्वारा दूसरे व तीसरे दिन छूटे हुए नौनिहालों को संबंधित वार्ड में घर घर जाकर 0 से 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी।

**व्यवस्थाओं का लिया जायजा :** बूथ का नर्सिंग ऑफिसर राधेश्याम कासोंटिया, रेडियोग्राफर कृष्ण मुरारी, नर्सिंग ऑफिसर अनवर हुसैन टॉक द्वारा अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बूथ पर सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील, मोहम्मद हबीब मौलानी, उषा जोशी, विनिता शर्मा, शीला कुमावत, कैलाश सिंह, विरेंद्र लोमरोड़, श्रीकान्त, इन्दकुमार, सरवर तंवर, इकबाल खान, सलामत खान, सरवर खान आदि ने सेवाएं दी।

# 5 हजार 418 नौनिहालों ने गटकी 'दो बूंद जिन्दगी की'

## 18 से 20 सितंबर तक चलेगा शिविर



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** प्लस पोलियो राष्ट्रीय टीकाकरण महाअभियान के तहत 18 से 20 सितंबर तक कुचामन नगरपालिका क्षेत्र में पोलियो रोधी दवा पिलाई जायेगी। सेक्टर ऑफिसर डॉ. इशाक देवड़ा ने बताया कि इसके तहत हमेशा की तरह 31 स्थायी बूथ एवं 2 ट्रांजिट बूथ तथा 2 मोबाइल बूथ बनाये गये हैं। टीम में शामिल टीककर्मी एवं नर्सिंग छात्रों सहित 200 से अधिक छात्र नौनिहालों को 2 बून्द पोलियो की पिलायेंगे। सुपरवाइजर टीकाकरण कार्य का सुपरविजन करेंगे। डॉ. शकील अहमद राव प्रोग्राम के नोडल ऑफिसर हैं तथा डॉ. इशाक देवड़ा व डॉ. प्रदीप चौहान को सेक्टर ऑफिसर बनाया गया है। डॉ.शकील राव ने बताया कि प्रिंस नर्सिंग कॉलेज द्वारा सभी पोलियो बूथों पर खाने की व्यवस्था की गई तथा सुरजी देवी बालिका विद्यालय के बूथ को मुस्लिम एज्यूकेशन एव वेलफ़ेयर सोसायटी ने गोद लिया है। पुराने सीकर बस स्टेण्ड पर पोलियो बूथ की व्यवस्था नारायण सेवा संस्थान द्वारा तथा अम्बेडकर सर्किल पर बूथ की व्यवस्था परशुराम सेवा सीमिति द्वारा की गई हैं। डॉ. ईशाक देवड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र के कुल 16780 बच्चों में से 5418 ने प्रथम दिन दो बूंद जिन्दगी की गटकी।

# अग्रसेन प्रीमियर लीग के साथ अग्रसेन जयंती महोत्सव की खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ



## अग्रसेन प्रीमियर लीग में 4 टीमों ने लिया हिस्सा

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) ।** कुचामनसिटी के अग्रवाल समाज ने अग्रसेन जयंती महोत्सव के दौरान रविवार से खेलकूद प्रतियोगिताएं प्रारंभ हुई। इसकी शुरुआत अग्रसेन प्रीमियर लीग के साथ कुचामन कॉलेज में हुई, जिसमें युवा वर्ग ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। अग्रसेन प्रीमियर लीग में 4 टीमों ने हिस्सा लिया। अग्रवाल नवयुवक मंडल के कोषाध्यक्ष शिवम गोयल ने जानकारी दी की। पहला मैच योगेश पोद्दार की टीम एवं महेश पोद्दार की टीम के मध्य हुआ, जिसमें अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष नंदकिशोर सांभरवाला ने टॉस करवाया। टॉस महेश पोद्दार की टीम ने जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। द्वितीय मैच विवेक रामचंद्रका की टीम और अभिषेक बंसल की टीम के मध्य हुआ। द्वितीय मैच में अग्रवाल नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आशीष बुडसूवाला ने टॉस करवाया। विवेक रामचंद्रका की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। प्रथम मैच में महेश पोद्दार की टीम विजयी और द्वितीय मैच अभिषेक बंसल की टीम ने विजयी हासिल की।

**पोद्दार टीम ने जीती अग्रसेन प्रीमियर लीग की ट्रॉफी :** फाइनल मुकाबला महेश पोद्दार की टीम और अभिषेक बंसल की टीम के बीच हुआ। फाइनल मुकाबले का टॉस मनोज शेखराजका ने करवाया। अभिषेक बंसल की टीम ने टॉस जीतकर प्रथम बॉल चुनी। इसमें महेश पोद्दार की टीम ने अग्रसेन प्रीमियर लीग की ट्रॉफी जीती। मैन ऑफ द सीरीज मयंक रामचंद्रका पुत्र किशन रामचंद्रका रहे। समाज समिति अध्यक्ष नंदकिशोर सांभरवाला व मनोज शेखराजका ने मैन ऑफ द सीरीज की ट्रॉफी दी। प्रीमियर लीग में जुगल सर्राफ ने कमेंट्री की। मनोज सांभरवाला अंपायर की भूमिका में नजर आए। इस दौरान शेखर रामचंद्रका, सुमित शेखराजका, योगेश शेखराजका, कृष्णा मोर, अशोक बानूड़ा, विकास मोर, शुभम बंसल, दिनेश अकोदावाला, संजय खोखरियां, विपिन बेडवावाला, लक्ष्मीकांत बंसल, लोकेश मोर, अंकित मोर, जयप्रकाश डालुका, सुरेंद्र लांबावाला, संपत बगडिया, दीपक भाडासर, अनिल मिठड़ीवाला, कमल लांबावाला, यश बंसल, हर्षित अग्रवाल, लक्षित अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### टायर क्रॉस प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

रविवार को ही सांय 4 बजे से कक्षा 4 से 6 की टायर क्रॉस प्रतियोगिता हुई, जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। टायर क्रॉस प्रतियोगिता में 50 बच्चो ने हिस्सा लिया। यह प्रतियोगिता लोकेश मोर और शुभम बंसल ने करवाई। इस प्रतियोगिता में प्रथम नमन अग्रवाल पुत्र मनोज गर्ग एवं द्वितीय निहाल अग्रवाल पुत्र दीपक अग्रवाल रहे। इस प्रतियोगिता के दौरान संपत बगडिया, सुजल अग्रवाल, देवेश अग्रवाल आदि ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। इस दौरान दीपक भाड़ासरवाला, अंकित बरवालीवाला, दिनेश आकोदावाला, महेश पोद्दार, संपत बगडिया, पुरषोत्तम परेवाड़ीवाला, महिला मंडल से पूजा डालुका, मोनिका अग्रवाल, नेहा गोयल, सुनीता मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# गेदर बने राजस्थान शिल्प माटी बोर्ड उपाध्यक्ष

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राजस्थान सरकार द्वारा शिल्प एवं माटी कला बोर्ड उपाध्यक्ष डूंगरराम गेदर को राजस्थान शिल्प एवं माटी कला बोर्ड का अध्यक्ष बनाकर राज्यमंत्री का दर्जा देने पर प्रजापति समाज डेगाना ने प्रशन्नता जाहिर करते हुए नवनियुक्त राजस्थान शिल्प एवं माटी कला बोर्ड अध्यक्ष डूंगरराम गेदर को बधाई देते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार जताया। प्रजापत समाज डेगाना के विष्णुलाल कपुरपुरा, रामकिशोर प्रजापत जावला, ताराचन्द नारानीया, दुर्गाराम प्रजापत, जेठाराम झगड़वास, सचिन प्रजापत, पूर्व सरपंच जगदीश प्रजापति जाखेड़ा सहित ने गेदर के अध्यक्ष बनने पर खुशी जताई और राज्य सरकार का आभार व्यक्त किया।

# जिलाध्यक्ष पारीक ने परबतसर भाजयुमों शहर मंडल की ली मीटिंग




जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़े के अंतर्गत भाजयुमो जिलाध्यक्ष गिरिराज पारीक ने परबतसर बीजेपी कार्यालय में भाजयुमों शहर मंडल की मीटिंग ली, जिसमें 20 सितंबर को विशाल रक्तदान शिविर किले वाले बालाजी पर आयोजित होना तय हुवा व रक्त दाताओं को हेलमेट व तिरंगा सप्रेम भेंट किए जाएंगे।

भाजयुमो शहर अध्यक्ष विष्णु मानधनियाँ ने बताया कि इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह ऑडिट व पूर्व विधायक मानसिंह किनसरिया भी उपस्थित रहेंगे, जिसके दौरान भाजयुमो जिलाध्यक्ष गिरिराज पारीक, भाजयुमो शहर मंडल अध्यक्ष विष्णु मानधनियाँ, जिला कोषाध्यक्ष मनीष रान्दड़, जिला सोशल मीडिया संयोजक रोहित सेन, गोपाल सोनी, पवन धुत, दिपक गोयर, मंयक मंत्री, अरविंद सांखला, रमाकांत पारीक, महेश पाराशर, लालचंद गुर्जर, ईकबाल गौरी, रमेश बंजारा, आशीष लखारा, राजदीप सिंह, सोनू गोयर आदि भाजयुमो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मारोठ के गट्टे पर बना मधुमक्खियों का छत्ता गिरा

## वृद्ध पर मक्खियों ने किया हमला

हितेश रारा



**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे के मुख्य बस स्टैंड पर लगे पीपल के पेड़ पर भंवरा मक्खियों के छाते के कारण रविवार को बड़ा हादसा हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मारोठ निवासी संतोष चौधरी जैन (काका) पीपल के पेड़ के नीचे बने गट्टे पर बैठे थे। अचानक मक्खियों के छते का एक टुकड़ा हवा से टूटकर जैन पर गिर गया और सैकड़ों की संख्या में मौजूद भंवरा मक्खियों ने जैन को डंक मार दिए। भंवरा मक्खियों के हमले से एक बार तो स्टैंड पर अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि हादसे के समय गट्टे पर और अन्य लोग नहीं बैठे थे। जैन को मक्खियों से ग्रामीणों ने जैसे तैसे बचाकर अचेतावस्था में हॉस्पिटल पहुंचाया जहा उन्हें भर्ती कर उनका इलाज किया गया और फिर उपचार के बाद छुट्टी मिली। ग्रामीणों की मांग हैं कि प्रशासन जल्द से जल्द इस मक्खियों के छाते को हटवाएं ताकि एसे हादसों कि पुनरावृति ना हो सके।

# मदद फाउंडेशन का राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान सेवा रत्न अवार्ड-2022 से होगा सम्मान

### संस्था की ओर से अवार्ड के लिए श्रवण सिंह रोहिणा नामित

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** विश्व सेवा परिषद द्वारा 30 सितम्बर 2022 को नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड प्रोग्राम का आयोजन होगा, जिसमें सम्पूर्ण राज्य में गरीब आश्रित लोगो के दर्द में सहायक बनी मदद फाउण्डेशन संस्था का राजस्थान सेवा रत्न अवार्ड 2022 के लिए हुआ है। मदद फाउंडेशन संस्था के सदस्य गणपत सिंह गांवड़ी ने बताया की नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में मदद फाउंडेशन को राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान सेवा रत्न अवार्ड से नवाजा जायेगा। कार्यक्रम में संस्था की ओर से मदद फाउण्डेशन द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों मे आगे रहे वाले सक्रिय सदस्य श्रवण सिंह रोहिणा प्रतिनिधित्व कर अवार्ड प्राप्त करेंगे। मदद फाउंडेशन को यह अवार्ड कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नेपाल के गृहमंत्री बाल कृष्ण खंड के हाथो दिया जायेगा। संस्था का इस अवार्ड के लिए चयन होने पर खुशी का माहौल रहा। संस्था के एडमिन पैनल द्वारा सदस्यों को बधाई दी गई। संस्था के बृजेंद्र सिंह शेखावत, हरिसिंह राजोद, दीपक सिंह बाय, शिंभू सिंह सफेड; राजेंद्र सिंह सिंगोद, रेवंत सिंह, दिलीप सिंह सफेड द्वारा सदस्यों को बधाई दी गई।

# मेड़तासिटी के राजकीय चिकित्सालय में इंदिरा रसोई का हुआ शुभारंभ

सुशील दिवाकर



**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में रविवार को इंदिरा रसोई का समारोह पूर्वक शुभारंभ हुआ। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा, पालिकाध्यक्ष गौतम टाक, गांधी दर्शन जिला संयोजक जगदीश नारायण शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, तहसीलदार भागीरथ चौधरी, सीआई रोशनलाल सामरिया, पूर्व पालिकाध्यक्ष रूस्तम प्रिंस, शेर मोहम्मद देशवाली, वाइस चेयरमैन रामसुख मुंशी मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व विधायक रामचंद्र जारोड़ा ने कहा कि प्रदेश में कोई भी व्यक्ति भूखा ना सोए इसी को लेकर राजस्थान सरकार के द्वारा इंदिरा रसोई की शुरुआत की गई है उन्होंने बताया कि अब प्रदेश के प्रत्येक गांव व शहर में इंदिरा रसोई की सुविधाएं शुरू हो रही है। नगर पालिका के चेयरमैन को गोतम टाक ने कहा कि शहर के बस स्टैंड पर एक इंदिरा रसोई पहले से ही संचालित हो रही है जहां पर भी आमजन को शुद्ध व पौष्टिक आहार मिल रहा है वहीं शहर में दूसरी इंदिरा रसोई की शुरुआत राजकीय चिकित्सालय में की गई है ताकि यहां आने वाले मरीजों में उनके परिजनों को शुद्ध व पौष्टिक भोजन मिल सके। इस मौके पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रामरतन चौधरी ने बताया कि राजकीय चिकित्सालय परिसर में इंदिरा रसोई की शुरुआत होने के बाद अब अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके परिजनों सहीती जरूरतमंद लोगों को 8 में भरपूर पौष्टिक भोजन मिलेगा। इस रसोई की क्षमता दिनभर में 600 प्लेट की रहेगी। यानी यहां रोजाना 600 जरूरतमंद सिर्फ 8 रुपए देकर भरपेट भोजन प्राप्त कर सकेंगे।

**यह रहे मौजूद :** इस अवसर पर पार्षद महेंद्र भाकर, जाकिर खान सांखला, शेर मोहम्मद, चिमन वाल्मीकि, महेंद्र चौहान, मच्छराज सिखवाल, सुमित्रा सिखवाल, बृजेश जांगिड़, अनिल चौधरी, हस्तीमल सांगवा, विनोद सेन, ब्रॉन्ड एंबेस्डर विकास अजमेरा, सुमित लोभानिया, मूलाराम चौधरी, शेख नदीम सहित शहरवासी मौजूद रहे।

# इंदिरा रसोई योजना में घर जैसे भोजन का उठाए लाभ : अटवाल



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही इंदिरा आवास योजना का शुभारंभ रविवार को नगरपालिका डेगाना के राजकीय चिकित्सालय परिसर में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन मदनलाल अटवाल व डेगाना पंचायत प्रधान प्रतिनिधि परसाराम चोयल ने शुभारंभ किया। इंदिरा आवास योजना के संचालक राजाराम पारीक ने बताया कि अस्पताल परिसर में इंदिरा रसोई योजना का शुभारंभ किया गया और एक रसोई डेगाना की एमपी गली में पहले से संचालित की जा रही है। इंदिरा रसोई योजना के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन मदनलाल अटवाल ने बोलते हुए कहा कि सरकार द्वारा यह योजना सभी को प्रभावित करती है तथा मात्र 8 रूपए में भोजन शुद्ध व ताजा मिलता है, और कहा कि घर जैसा वह शुद्ध भोजन का मिलता है, व कोई भी भूखा नहीं सोए। इससे प्रत्येक वर्ग को फायदा होता है और अस्पताल परिसर में मरीजों व उनके साथ आने वाले को भी इसका फायदा आने वाले समय में मिलता रहेगा। सरकार द्वारा इस योजना चलाने से लोगों को इसका फायदा मिल रहा है और नगर पालिका के द्वारा इसमें सारी सुविधा की गई है। और इसमें भामाशाहों द्वारा भी लोगों को निशुल्क भोजन करवाकर पुण्य प्राप्त कर सकते हैं।

# पंचायत भूमि पर रेलवे ने मनमानी से करवा लिए लाखों के काम



## मोहल्ले वासियों का आवागमन बंद करने पर आमादा है रेल प्रशासन

एजाज़ अहमद उस्मानी

**मेड़ता रोड( नागौर डेली न्यूज ) :** मेड़ता रोड ग्राम पंचायत क्षेत्र के खसरा नंबर 647 की ढाई बीघा जमीन को अपनी मान रेलवे अधिकारियों द्वारा एक नलकूप खुदवा कर पानी की टंकी तक बना डाली साथ ही निर्माण कार्य को विस्तार देते हुए डीएमयू शैड के चारों ओर बनाई जा रही चारदीवारी के चलते बाईपुरा मोहल्ले वासियों के आवागमन की सुविधा को बंद करते हुए निर्माण शुरू करने पर मोहल्ले वासियों ने लामबंद होकर विरोध जताया साथ ही रेल अधिकारी द्वारा आवागमन का स्थाई समाधान नहीं निकालने पर न्यायालय में जाने की चेतावनी दी है। उत्तर पश्चिम रेलवे जोधपुर मंडल के मेड़ता रोड रेलवे अधिकारियों द्वारा रेल कार्यों को विस्तार देते हुए पंचायत की ढाई बीघा जमीन पर अपना कब्जा कर लाखों रुपए के निर्माण कार्य संपन्न कर लिए गए। रेलवे द्वारा रेलवे परिधि के चारों और बनाई जा रही चार दीवारी का कार्य करते हुए मेड़ता रोड ग्राम पंचायत के बाईपुरा मोहल्लेवासियों के आवागमन के रास्ते भी बंद किए जाने शुरू कर दिए गए हैं। रेल अधिकारियों की इस मनमानी से नाराज मोहल्ले वासियों एवं जनप्रतिनिधियों ने लामबंद होकरभ रेल अधिकारियों के खिलाफ नाराजगी जताई तथा पंचायत भूमि पुन: खाली करवाने और गंदे पानी निकासी सहित आवागमन का मार्ग खुलवाने की मांग को लेकर रेल अधिकारियों के खिलाफ न्यायालय की शरण लेने का निर्णय लिया गया।

## भाजपा नेता इंद्रराज खदाव ने गुजरात सरकार के कैबिनेट मंत्री बृजेश भाई मेरजा से की मुलाकात

सुशील दिवाकर

**मेड़तासिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री इंद्रराज खदाव ने गुजरात सरकार के कैबिनेट मंत्री बृजेश भाई मेरजा से मुलाकात की है। इस मौके पर इंद्रराज खदाव आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चर्चा की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि राजस्थान में इस बार भाजपा की लहर है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि भाजपा पूरे बहुमत के साथ राजस्थान में सरकार बनाएगी। इस मौके पर इंद्रराज खदाव ने गुजरात के कैबिनेट मंत्री बृजेश भाई को मीरा नगरी मेड़तासिटी आने का न्योता भी दिया। इस अवसर पर राजेंद्र बेड़ा बासनी सेजा, गोपालनाथ भी मौजूद रहे।

## मकराना में 24 हजार 741 बच्चों ने गटकी पोलियों की खुराक

मोहम्मद शहजाद

**मकराना( नागौर डेली न्यूज )।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 18 सितम्बर रविवार को 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को दो -दो बूंद पोलियों की खुराक पिलाई गई। चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण द्वारा संयुक्त रूप से पोलियो बूथ पर दवा पिलाई। मकराना शहर व ग्रामीण में 902 कार्मिकों ने 239 बूथ लगाकर 24741 बच्चों को पोलियों की खुराक पिलाई।

# मूण्डवा में पालिकाध्यक्षा कंदोई ने फीता काटकर किया इन्दिरा रसोई का शुभारम्भ

अ.रहमान देवड़ा



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज )।** नगर पालिका मूण्डवा के नागौर रोड पर इन्दिरा रसोई शुभारम्भ किया गया। अधिशाषी अधिकारी पिन्टू लाल जाट ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार रविवार को नगर पालिका मूण्डवा में पालिका अध्यक्ष अल्का कन्दोई ने शुभारम्भ किया। उपाध्यक्ष जगदीश मून्डेल, पार्षद घेवरराम, पार्षद किशनाराम, लाडमोहम्मद खोखर एवं अन्य गणमान्य पार्षदगण व समाज सेवी सुभाष कंदोई व पालिका के कर्मचारी उपस्थित रहे। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार की मंशा कोई भी भूखा नहीं सोए, सभी को भोजन मिले। इस रसोई में मात्र 8 रुपये में भोजन की सुविधा रहेगी। भोजन मैन्यु में रोटी, सब्जी, दाल, अचार परोसा जायेगा। रसोई का समय प्रात: 8:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक व शाम को 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक रहेगा। भोजन करने वाले लाभार्थियों का ऑनलाइन पंजीयन किया जाकर टोकन कांटा जायेगा। भोजन करने वाले लाभार्थी के लिए समाचार पत्र की सुविधा भी रहेगी।

# इंदिरा गांधी रसोई का हुआ शुभारम्भ, जनप्रतिनिधियों ने चखा स्वाद



मेहबूब खोखर

**कुचेरा( नागौर डेली न्यूज ) :** कुचेरा शहर के बस स्टैंड स्थित करंट बालाजी धर्मशाला में रविवार को इंदिरा गांधी रसोई योजना द्वितीय का पूर्व पालिकाध्यक्ष भूराराम मिर्धा ने विधिवत रूप से फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष हाकम अली खान, पार्षद सूरजभान मण्डा, ओमप्रकाश डूकिया, माडूराम राजावत, बाबूलाल, भवानी सिंह, अजय जोशी, रामलाल मेघवाल, कैलाश मिर्धा, नजीर छिम्पा, एडवोकेट चंद्रप्रकाश मिर्धा, रामप्रकाश डूकिया, रामलाल चौधरी उपस्थित रहे।

## किसानों ने की नुकसान की भरपाई के लिए मुआवजे की मांग

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे सहित आसपास के क्षेत्र में देर रात की बारिश व तेज हवाओं के कारण फसलों को काफी नुकसान पहुंचा। बरसात ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया व क्षेत्र में बाजरा, मूंग, ग्वार, तिल, चवला की खेती चौपट सी हो गई। अचानक आई बारिश ने किसानों के अरमानों पर पानी फेर दिया फसलें खेत में ही गिर गई। किसानों का कहना है कि दो तीन दिन पहले तक हमे खेत मे फसलों को देखकर खुशी थी कि इस बार दीवाली अच्छी जाएगी जमाना अच्छा रहेगा, लेकिन होनी को कोन टाल सकता है।

# महावीर चेत्यालय में मनाया महाअर्चना महोत्सव

सद्दाम रँगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )** । शहर के आथूना दरवाजा स्थित स्व. रिखबचंद पहाड़िया के महावीर चेत्यालय में रविवार को महाअर्चना महोत्सव मनाया गया। अजमेरी मंदिर के प्रवीण पहाड़िया ने बताया की इस महोत्सव में भगवान महावीर स्वामी की दिव्य प्रतिमा का 108 कलशो से श्रद्धापूर्वक रिद्धि मंत्रो द्वारा खूब भक्तिभाव से सामूहिक जलाभिषेक किया गया। अभिषेक के पश्चात श्रीजी की शांतिधारा एवं आरती करके मूलवेदी में विराजमान किया गया। इस अवसर पर श्रीमति मनोरमा देवी, नेमीचंद पहाड़िया, सुभाष रावका, देवेंद्र कुमार, जयकुमार, नेहरू, राजकुमार, सुमति पहाड़िया, जंबू रविकांत पाटौदी, मुकेश, नवीन, प्रवीण पहाड़िया, पवन गोधा, रमेश पहाड़िया एवं अन्य कई समाज जन और महिलाएं मौजूद थी।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com